# भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव और प्रोजेक्ट शौर्य गाथा

**स्रोत: पी.आई.बी**

हाल ही में **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS)** जनरल अनिल चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव (IMHF) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में **भारत की सैन्य विरासत के** संरक्षण और संवर्द्धन पर केंद्रित **प्रोजेक्ट शौर्य गाथा** का भी शुभारंभ किया गया।

- **IMHF** का उद्देश्य भारत के सैन्य इतिहास, सामरिक संस्कृति एवं रक्षा में आत्मनिर्भरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- **इसके प्रतिभागियों** में थिंक टैंक, सार्वजनिक/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ, गैर-लाभकारी संस्थाएँ, शिक्षाविद्, अनुसंधान विद्वान एवं**राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)** के साथ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और विरासत पर ध्यान केंद्रित करने वाले युवा संगठन शामिल हैं।
- **प्रोजेक्ट शौर्य गाथा के तहत सैन्य मामलों के विभाग** और भारत के **संयुक्त सेवा संस्थान (USI)** के साथ साझेदारी द्वारा शिक्षा एवं पर्यटन पहल के माध्यम से सैन्य विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने का प्रयास करना शामिल है।
    - USI नई दिल्ली, भारत में स्थित **एक राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा सेवा थिंक टैंक** है।
- **CDS:** इस पद के सृजन की सिफारिश वर्ष 2001 में **मंत्रियों के एक समूह (GoM)** द्वारा की गई थी, जिसे **कारगिल समीक्षा समिति (1999) की** रिपोर्ट का अध्ययन करने का कार्य सौंपा गया था।
    - **जनरल बिपिन** रावत देश के **पहले CDS** थे और उनकी **नियुक्ति वर्ष 2019** में हुई थी।

**और पढ़ें:** **सक्षम भारत: प्रोजेक्ट उद्भव**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-military-heritage-festival-and-project-shaurya-gatha